## सीरियल नियंत्रण मॉड्यूल

यह मॉड्यूल पत्रिकाओं और सीरियल के प्रबंधन को आसान बनाता है। इसमें शामिल हैं:

- सुझाव और सदस्यता प्रबंधन;
- पत्रिकाओं / पुस्तक लेखों का अनुक्रमण (Article Indexing);
- इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं की कैटलॉगिंग;
- पत्रिकाओं के व्यक्तिगत अंकों की जांच;
- भुगतान, अनुस्मारक, बाइंडिंग और इतिहास प्रबंधन;
- पत्रिकाओं के इतिहास परिवर्तन पर नज़र रखता है;
- ISO 2709 बिब्लियोग्राफिक एक्सचेंज प्रारूप का उपयोग करके निर्यात/ आयात और
- MARC21 प्रविष्टि/संपादन विकल्प ।

## प्रशासन मॉड्यूल

इस मॉड्यूल को तीन प्रमुख उप-मॉड्यूलों—उपयोगकर्ता प्रबंधन, सिस्टम पैरामीटर तथा मास्टर्स में विभाजित किया गया है। प्रशासन मॉड्यूल निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है:

- नीति के आधार पर उपयोगकर्ताओं का समूहीकरण;
- सिस्टम पर लेनदेन संबंधी अधिकार;
- उपयोगकर्ताओं को लेनदेन स्तर की सुरक्षा;
- विभिन्न कॉन्फ़िगरेशन सेटिंग्स जैसे लेबल, ई-मेल और सॉफ़्टवेयर उपयोग से संबंधित अन्य पैरामीटर और
- मॉड्यूल में सामान्य मास्टर डेटाबेस का उपयोग किया जा रहा है।

## ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम सूची (OPAC) और वेब-आधारित OPAC

सोल 3.0 दो प्रकार के OPAC प्रदान करता हैं: पहला इसमें क्लाइंट–सर्वर एप्लिकेशन आधारित ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (OPAC) तथा वेब-आधारित OPAC शामिल हैं। दूसरा वेब-आधारित OPAC उपयोगकर्ताओं को ग्रंथसूची (Bibliographic) आँकड़ों तक पहुँच हेतु एक खोज इंटरफ़ेस उपलब्ध कराता है। इसे इंट्रानेट अथवा इंटरनेट पर होस्ट किया जा सकता है। यह निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है:

- सरल खोज, बूलीयन खोज, और उन्नत खोज विकल्प;
- पुस्तकालय में अधिग्रहण प्रक्रिया में मौजूद वस्तुओं के लिए खोज समर्थन;
- सरल खोज, बूलियन खोज, उन्नत खोज, मुक्त-पाठ खोज और वर्णमाला ब्राउज़ सुविधा प्रदान करता है;
- उपयोगकर्ता द्वारा पसंदीदा वस्तुओं को चिह्नित करने की सुविधा;
- रिकॉर्ड्स को कार्ट में जोड़ने की सुविधा प्रदान करता है और साथ ही लॉग इन किया हुआ उपयोगकर्ता रिकॉर्ड्स को पसंदीदा बना सकता है;
- रिकॉर्ड को MARC, MARCXML, BIBTEXT और ENDNOTE फॉर्मेट में निर्यात करने की सुविधा प्रदान करता है;
- सदस्य स्व-प्रवेश पंजीकरण मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करता है;
- सदस्य विशेषाधिकारों, उधार ली गई वस्तुओं और वसूले गए जुर्माने को देख सकते हैं;
- सदस्य किसी आइटम के लिए ऑनलाइन अनुरोध कर सकता है;
- दर्ज किया गया यूआरएल (प्रत्येक रिकॉर्ड के लिए) परिणाम पृष्ठ से पहुंचा जा सकता है और
- सदस्यों द्वारा स्व-प्रवेश (ऑनलाइन) का प्रावधान ।

## संपर्क करें


**प्रो. देविका पी. माडल्ली**
निदेशक
इन्फ्लिबनेट केंद्र


### सोल सहायता सेवाएँ

संपर्क सूत्र: 079-23268300

प्रातः 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक | सोमवार से शुक्रवार

**ज़ोन-1**
गुजरात, दमन, राजस्थान एवं सभी उत्तर पूर्वोत्तर राज्य
soulhelp01@inflibnet.ac.in
079-23268301 / 06 / 08

**ज़ोन-2**
महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल
soulhelp02@inflibnet.ac.in
079-23268305 / 04 / 00

**ज़ोन-3**
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, बिहार एवं उत्तराखंड
soulhelp03@inflibnet.ac.in
079-23268307 / 03 / 09


**सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र**
(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक स्वायत्त अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र)
इन्फोसिटी, गांधीनगर 382007, गुजरात, भारत
https://www.inflibnet.ac.in/




INFLIBNET

# SOUL

## विश्वविद्यालय पुस्तकालयों के लिए सॉफ्टवेयर

https://soul.inflibnet.ac.in/

सॉफ्टवेयर फॉर यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज़ (सोल) एक अत्याधुनिक एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर है, जिसे इन्फ्लिबनेट केंद्र द्वारा महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक पुस्तकालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। यह एक उपयोगकर्ता अनुकूल क्लाइंट-सर्वर वातावरण में काम करता है और ग्रंथ सूची प्रारूपों और परिसंचरण प्रोटोकॉल के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करता है। सोल सॉफ्टवेयर वरिष्ठ कर्मचारी के साथ व्यापक परामर्श के बाद डिज़ाइन किया गया है; सोल पुस्तकालयों के सभी रखरखाव कार्यों को स्वचालित करता है। यह न केवल शैक्षणिक पुस्तकालयों के लिए बल्कि विभिन्न प्रकार के पुस्तकालयों, जैसे कि स्कूल पुस्तकालयों के लिए भी उपयुक्त है। जिसका प्रारंभिक संस्करण, सोल 1.0, पहली बार कैलिबर 2000 के दौरान प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद जनवरी 2009 में सोल 2.0 आया। नवीनतम संस्करण, सोल 3.0, को माननीय अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 24 फरवरी 2021 को जारी किया गया।

## सोल 3.0 की प्रमुख विशेषता और कार्यक्षमताएँ:

- लेन-देन के लिए डेटा की विभिन्न बुनियादी आँकड़े जानने के लिए स्टार्ट पेज पर होम पेज की सुविधा;
- यूनिकोड-आधारित भारतीय और विदेशी भाषाओं में कार्य करने की सुविधा;
- MARC21, AACR-2, MARCXML, ISO-2709 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अनुपालन;
- RFID आधारित इलेक्ट्रॉनिक निगरानी तथा स्व-चेक-आउट एवं चेक-इन कार्यों के लिए NCIP 2.02 और SIP 2.0 प्रोटोकॉल का अनुपालन करता है;
- क्लाइंट-सर्वर आधारित आर्किटेक्चर, उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस जिसके लिए व्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है;
- उपयोगकर्ताओं को टेम्प्लेट और क्वेरी पैरामीटर के साथ-साथ उनकी पसंद और प्रारूप की रिपोर्ट तैयार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है;
- यह प्रणाली ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट भेजने की सुविधा प्रदान करती है तथा उपयोगकर्ताओं को रिपोर्ट को वर्ड, पीडीएफ, एक्सेल आदि विभिन्न प्रारूपों में सहेजने की अनुमति देती है;
- सरल तथा उन्नत खोज सुविधाओं के साथ अत्यंत बहुउपयोगी और उपयोगकर्ता-अनुकूल ओपेक(OPAC) उपयोगकर्ता अपने खोज परिणामों को PDF, MS Excel तथा MARCXML प्रारूप में निर्यात कर सकते हैं;
- व्यक्तिगत नाम, कॉर्पोरेट निकाय, आदि की प्राधिकरण फ़ाइलों का समर्थन करता है;
- सभी प्रमुख परिसंचरण (Circulation) कार्यों के लिए सिंगल-विंडो संचालन सुविधा;
- डिवाइस स्वतंत्र उत्तरदायी थीम और स्पर्श संगत उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस;
- सदस्य फोटो के लिए कैमरा एकीकरण और उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस के लिए भाषा चयन की सुविधा प्रदान करता है;
- एसएमएस (SMS) और ईमेल अलर्ट सेवाएँ और सदस्यों द्वारा स्व-प्रवेश (ऑनलाइन) का प्रावधान;
- ल्यूसीन इंडेक्स का उपयोग कर के ओपेक में रिकॉर्ड और पहलुओं की तेजी से खोज जा सकता है;
- OPAC में रिकॉर्ड और फ़ैसेट्स की तीव्र एवं प्रभावी खोज के लिए Lucene इंडेक्स। और
- ईमेल, वेब चैट और टेलीफोन लाइन के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन समर्थन प्रदान करता है.




पुस्तकालयों की कार्यात्मक आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रत्येक मॉड्यूल को उप मॉड्यूल में विभाजित किया गया है:

## अधिग्रहण मॉड्यूल

अधिग्रहण मॉड्यूल ऑर्डर, रसीद, भुगतान और बजट नियंत्रण की प्रक्रिया को स्वचालित करने की सुविधा प्रदान करता है। मॉड्यूल पुस्तकालय कर्मचारियों को अधिग्रहण से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों को संभालने में सक्षम बनाता है,जिसमें शामिल हैं:

- सुझाव प्रबंधन;
- आदेश प्रसंस्करण, रद्दीकरण और अनुस्मारक;
- रसीद, भुगतान तथा बजट नियंत्रण;
- स्वचालित एक्सेसनिंग;
- पत्र संख्या का स्वत: सृजन निर्माण;
- मुद्रा, विक्रेता, प्रकाशक आदि की मास्टर फ़ाइलें और
- रिपोर्ट निर्माण ।

## कैटलॉग मॉड्यूल

यह मॉड्यूल पुस्तकालय संसाधनों के पंजीकरण और प्रसंस्करण में सहायता करता है। इसकी मुख्य विशेषताएँ हैं:

- कैटलॉगर को विभिन्न प्रकार के पुस्तकालय संसाधनों के लिए डेटा प्रविष्टि के लिए अपने स्वयं के टेम्पलेट बनाने की अनुमति देता है;
- ISO-2709 मानक का उपयोग करके MARC 21 प्रारूप में कॉपी कैटलॉगिंग का समर्थन करता है उपयोगकर्ता- जनित अनुकूलित रिपोर्ट की अनुमति देता है;
- व्यक्ति के नाम, कॉर्पोरेट निकाय, विषय शीर्षकों और श्रृंखला के नाम के प्राधिकरण डेटाबेस की सुविधा प्रदान करता है;
- यूनिकोड आधारित बहुभाषी डेटाबेस;
- स्पाइन लेबल, बारकोड और बुक कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान करता है;
- एक्सेसन रजिस्टर को TSV प्रारूप में निर्यात करने की सुविधा;
- वैश्विक खोज और प्रतिस्थापन कार्यक्षमताओं का समर्थन करता है और
- फ़ाइल अटैचमेंट: कैटलॉग कार्ड प्रिंटिंग।

## परिसंचरण मॉड्यूल

यह मॉड्यूल सर्कुलेशन के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से संबोधित करता है। यह आवश्यक कार्यात्मकताओं को निर्बाध रूप से एकीकृत करते हुए, इसके डिज़ाइन पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया। यह इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और वस्तुओं के आरएफआईडी-आधारित लेनदेन के लिए एनआईएसओ(NISO) सर्कुलेशन एंड इंटरचेंज प्रोटोकॉल (एनसीआईपी)(NCIP) संस्करण 2.0 और एसआईपी 2.0 प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन करता है। सर्कुलेशन मॉड्यूल के प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:

- सदस्यता, लेन-देन, अंतर-पुस्तकालय ऋण, विलंब शुल्क और अनुस्मारक;
- स्टॉक सत्यापन, बुक बैंक/समूह जारी करना और कस्टमाइज़्ड सदस्य कार्ड;
- विभिन्न संचलन लेनदेन जैसे, जारी करना, रिटर्न, अनुस्मारक, के लिए ईमेल/एसएमएस भेजने की सुविधा;
- सामग्री की स्थिति का रखरखाव – बाइंडिंग, खो जाना, प्रतिस्थापन, लापता होना, वापसी आदि और
- आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न रिपोर्ट निर्माण एक्सेल से सदस्य इम्पोर्ट करने की सुविधा ।